an>

Title: Regarding an accident caused by the low lying electric line passing through Nyari village in Kanpur city.

श्री देवेन्द्र सिंह भोले (अकबरपुर): महोदया, आपने मुझे अवसर दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूँ। हमारे लोक सभा क्षेत्र अकबरपुर के कानपुर नगर के विकासखंड बिधनू के अंतर्गत विद्युत की लाइनें अत्यंत जर्जर हैं। इसके कारण गंभीर घटनायें आए दिन होती रहती हैं। वहाँ बड़ी मात्रा में आवागमन रहता है। अभी विगत 19 तारीख को एक किसान अपने खेत में पानी लगाने गया था।

माननीय अध्यक्ष : यह स्टेट मैटर है।

श्री देवेन्द्र सिंह भोले: विद्युत की अतिवृष्टि होने के कारण उसकी वहाँ आकस्मिक दुर्घटना में मौत हो गई। हम लोगों ने, वहाँ के क्षेत्रीय लोगों ने तमाम बार अधिकारियों और कर्मचारियों को अवगत कराया, लेकिन अधिकारियों की उदासीनता है। वहाँ विद्युत पोलों की अत्यधिक दूरी है, लाइनें जर्जर हैं, उनकी क्वालिटी ठीक नहीं हैं, आये दिन विद्युत की आपूर्ति भी बाधित रहती है। कभी बिजली रात में आती है और कभी दिन में आती है।

माननीय अध्यक्ष : यह स्टेट मैटर है।

श्री देवेन्द्र सिंह भोले : महोदया, इस तरह की भीषण दुर्घटनाएं लगातार वहाँ घट रही हैं। मेरा निवेदन है कि इस पर अविलम्ब हस्तक्षेप करके मदद करने की कृपा करें।